# अध्याय - 1| मुहावरें-I

## QUIZ-01

1. **उसे शिक्षक की नौकरी अवश्य मिल जाएगी, क्योंकि उसने .......... रहे हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

A. जी तोड़ मेहनत करना B. बीड़ा उठाना
C. बाएं हाथ का खेल होना D. पत्थर की लकीर होना (A)

***व्याख्या:*** "जी तोड़ मेहनत करना" का अर्थ है बहुत कठिन परिश्रम करना।

2. **"आसमान पर चढ़ाना" मुहावरे का अर्थ क्या है?**

A. बहुत घमंड करना
B. कठिन काम के लिए उकसाना
C. बहुत हल्ला करना
D. अत्यधिक प्रशंसा करना (D)

***व्याख्या:*** इसका अर्थ है किसी की बहुत अधिक तारीफ़ करना।

3. **"लाल-पीला होना" का अर्थ है -**

A. मन ही मन प्रशन्न होना B. क्रोध करना
C. बहुत खुश होना D. रंग बदलना (B)

***व्याख्या:*** "लाल-पीला होना" का मतलब है बहुत गुस्सा होना।

4. **"काम काज में कोरा होना" का क्या अर्थ है?**

A. काम पूरा नहीं करना B. काम जल्दी ख़त्म करना
C. काम धीरे धीरे करना D. काम न जानना (D)

***व्याख्या:*** इसका तात्पर्य है कार्य में अनुभवहीन होना।

5. **"टस से मस न होना" का क्या मतलब है?**

A. कठोर होना
B. अपनी बातों से नहीं हटना
C. जगह बदलना
D. सहन करना (B)

***व्याख्या:*** यह मुहावरा किसी के अपने निर्णय पर अडिग रहने को दर्शाता है।

6. **"टांग अड़ाना" का सही अर्थ है -**

A. बदनाम करना B. बिना कारण लड़ना
C. टांगो से लड़ना D. रुकावट पैदा करना (D)

***व्याख्या:*** इसका मतलब है बिना कारण हस्तक्षेप करना।

7. **बुरी तरह हारने के लिए कौन-सा मुहावरा उचित है?**

A. मुंह खून से भर जाना B. मुंह ताकते रहना
C. मुंह की खाना D. मुंह उतरना (C)

***व्याख्या:*** "मुंह की खाना" का मतलब है अपमानजनक या हार का अनुभव करना।

8. **"अग्नि परीक्षा देना" का अर्थ है -**

A. बहुत परिश्रम करना B. धैर्य दिखाना
C. आग में कूद जाना
D. कठिन परिस्थिति में पड़ना (D)

***व्याख्या:*** यह मुहावरा किसी कठिन स्थिति से गुजरने का संकेत देता है।

9. **"छाती पर मूंग दलना" का क्या तात्पर्य है?**

A. मेहनत का काम करना
B. बात-बात पर लड़ाई करना
C. मूंग की दाल बनाना
D. पास रहकर दुःख देना (D)

***व्याख्या:*** यह कहावत किसी को अत्यधिक दुःख देने के लिए कही जाती है।

10. **"तीर मारना" का सही अर्थ है -**

A. युद्ध-कला में अच्छा होना B. शिकार करना
C. बड़ा काम करना D. बहुत पैसे कमाना (C)

***व्याख्या:*** यह मुहावरा किसी ने विशेष कार्य कर दिखाया हो, तो प्रयोग होता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App